परिशिष्ट 'अ'

नगर विकास न्यास कोटा

नगर विकास न्यास द्वारा 17 दिसम्बर 2018 से आदिनांक तक अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियां

(अ)वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पूर्ण परियोजनाओं का विवरणः–

1. **रंगपुर रोड पर गुडला सोगरिया बाईपास पर आर.ओ.बी का निर्माण कार्य** :–रंगपुर रोड पर गुडला सोगरिया बाईपास रेलवे लाईन पर लेवल क्रासिंग 1-X पर 30.00 करोड की लागत से आर.ओ.बी का निर्माण किया गया है। उक्त आर.ओ.बी से पटरी पार क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनीयों की 1,00,000 लाख जनसंख्या एवं कोटा भाहर के नागरिकों को भी सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।
2. **मुख्यमंत्री जन आवास योजनान्तर्गत रायपुरा में 400 आवासों का निर्माण** :– नगर विकास न्यास द्वारा मुख्यमंत्री जन आवास योजनान्तर्गत रायपुरा में आर्थिक दृश्टि से कमजोर आय वर्ग के 288 एवं अल्प आय वर्ग के 112 कुल 400(जी+3) आवासों का निर्माण किया गया है। इस योजना में आवासों के साथ ही ढांचागत विकास कार्य जैसे पेयजल, विद्युत व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, सीवर लाईन, सड़क चारदीवारी मय गेट इत्यादि समस्त सुविधाओं का विकास किया गया है। इस योजना के निर्माण से लगभग 2 से 3 हजार लोगों को लाभ मिलेगा।
3. **उद्योग नगर थाने के पास छत्रपति शिवाजी पार्कः**– उद्योग नगर थाने के पास छत्रपति शिवाजी पार्क निर्मित किया गया है। इस की लागत 9.52 करोड़ है। इस पार्क के विकास से क्षेत्र के आस–पास के लोगो को भ्रमण एवं बेहतर पर्यावरण की सुविधा उपलब्ध होगी।
4. **देवली अरब रोड स्थित स्मृतिवन** :–देवली अरब रोड़ पर वन विभाग की भूमि पर स्मृतिवन विकसित किया गया है। कार्य की कुल लागत रू. 13.76 करोड़ है। वर्तमान में समस्त निर्माण कार्य पूर्ण कर लिये गये है।
5. **न्यायालय परिसर के सामने पार्किंग का विकासः**– पार्किंग की समस्या के निदान हेतु न्यायालय के सामने स्थित महाराव भीमसिंह चिकित्सालय के परिसर में चिकित्सको के आवासों के सामने पार्किंग विकसित की गई है। इसकी परियोजना लागत 5.00 करोड़ है। यह कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिससे न्यायालय एवं कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले आगंतुकों को पार्किंग की सुविधा उपलब्ध हुई है।
6. **दादाबाड़ी से केशवपुरा तक ऐलीवेटेड रोड का निर्माण** :–न्यास द्वारा मोदी कॉलेज रोड़ पर दानबाड़ी से केशवपुरा सर्किल से आगे तक फ्लाई ओवर व स्लीपलेन का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। इस कार्य की लागत रू.120.00 करोड़ है। दिनांक 30.03.2021 को इस फ्लाईओवर का लोकार्पण किया जा चुका है जिससे नये कोटा के लगभग 5 लाख लोग लाभान्वित हो रहे है तथा रंगबाड़ी रोड़ पर फ्लाईओवर के निर्माण से विभिन्न चौराहों एवं जंक्शन पर यातायात का दबाव कम हुआ है।

7. **<u>मल्टीपरपज स्कूल गुमानपुरा के परिसर में पार्किंग का विकासः—</u>** मल्टीपरपज स्कूल गुमानपुरा के समीप कोटा शहर का मुख्य व्यावसायिक केन्द्र गुमानपुरा एवं शोपिंग सेन्टर स्थित होने के कारण काफी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। परन्तु पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण मुख्य सड़क पर ही अव्यवस्थित रूप से वाहनों को पार्किंग की जाती है। जिससे यातायात का आवागमन प्रभावित होता है। इस समस्या के निदान हेतु 15.19 करोड़ की लागत से मल्टीपरपज स्कूल गुमानपुरा के परिसर में पार्किंग सुविधा विकसित विकसित की गई है।